FedUni हिंसा के खिलाफ

जबकि ऑस्ट्रेलिया आम तौर पर रहने और अध्ययन करने के लिए एक सुरक्षित स्थान है, फिर भी यह महत्वपूर्ण है कि आप किसी घटना की संभावना को कम करने के लिए सावधानी बरतें और आपको पता हो कि सुरक्षा का क्या अर्थ है।

FedUni में हम एक सम्मानजनक, सुरक्षित और सहायक शिक्षण और कामकाजी माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां चिंताजनक, धमकी भरा या अनुचित व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए मैं कहां जाऊं?

विश्वविद्यालय ने यौन हिंसा, यौन हमले, यौन उत्पीड़न और हिंसा के अन्य रूपों के संबंध में छात्रों और कर्मचारियों के लिए एक केंद्रीय सूचना वेबपेज संकलित किया है.

FedUni Against Violence

कृपया federation.edu.au/feduni-against-violence पर जाएं।

'FedUni against Violence' एक ऐसी वेबसाइट है जिसका उद्देश्य है उन कर्मचारियों और छात्रों की मदद करना जो शायद इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि जब वे चिंताजनक व्यवहारों की एक विस्तृत श्रृंखला में से किसी का अनुभव करते हैं या उसके साक्षी होते हैं तो उस दौरान उन्हें क्या करना चाहिए या वे क्या कर सकते हैं। इसका उद्देश्य उन लोगों को जानकारी प्रदान करना भी है जो इसके बारे में अधिक जानना चाहते हैं।

FedUni हिंसा के खिलाफ

BALLARAT • BERWICK • GIPPSLAND • WIMMERA

1800 333 864 | federation.edu.au

Student Connect | Federation UNIVERSITY·AUSTRALIA

चिंताजनक, धमकी भरा या अनुचित व्यवहार क्या है

चिंताजनक व्यवहारों का अर्थ आपके अपने देश में समझे जाने वाले उनके अर्थ से भिन्न हो सकता है जिसके आप आदी हैं। विश्वविद्यालय की किन्हीं भी गतिविधियों में या विश्वविद्यालय के किसी भी छात्र द्वारा यौन उत्पीड़न या यौन आक्रमण के किसी भी रूप को विश्वविद्यालय बर्दाश्त नहीं करता है, और इससे पीड़ित होने वाले लोगों की सहायता करने, और किसी भी शिकायत को हल करने के लिए प्रक्रियाएं स्थापित की गई हैं। विश्वविद्यालय इसके बारे में पुलिस को रिपोर्ट करने को भी प्रोत्साहित करता है।
इस प्रकार का व्यवहार आमने-सामने हो सकता है या अप्रत्यक्ष हो सकता है, और इसमें ईमेल, सोशल मीडिया और इसी तरह के अन्य माध्यम भी शामिल हो सकते हैं

कर्मचारियों और छात्रों के रूप में:

- हिंसा और/या दुर्व्यवहार और/या उत्पीड़न के किसी भी प्रकार को हम बर्दाश्त नहीं करते हैं
- हम इससे पीड़ित होने वाले लोगों की सहायता करते हैं
- जब हम इसे देखते हैं या इससे अवगत होते हैं तो हम एक दूसरे की मदद करते हैं
- शिक्षा, कार्रवाई और सूचना के माध्यम से इसे कम करने के लिए हम मिलकर काम करते हैं

सम्मान, अभी, सदैव FedUni का एक छात्र सुरक्षा अभियान है

- जो अस्वीकार्य व्यवहारों की पहचान करने में मदद करता है,
- छात्रों और कर्मचारियों को बताता है कि वे ऐसे व्यवहारों को घटने से रोकने के लिए क्या कदम उठा सकते हैं, और
- यदि वे इस तरह के व्यवहारों का सामना करते हैं, तो उन्हें क्या करना चाहिए।

सम्मान, अभी, सदैव यौन हिंसा के सभी रूपों पर ध्यान केंद्रित करता है। ऑस्ट्रेलिया में होने पर ऐसे कई शब्द हैं जिन्हें आपको समझना चाहिए। इसमें “सहमति” और “यौन हमले” का अर्थ शामिल है। ऑस्ट्रेलियाई संदर्भ में इन शब्दों का अर्थ आपके द्वारा उपयोग किए जाने वाले अर्थ से भिन्न हो सकता है।

सहमति क्या है?

सहमति तब होती है जब ‘मुक्त समझौता’ होता है और जब किसी व्यक्ति के पास ऐसा करने की क्षमता होती है।

सहमति का मतलब है कि किसी भी यौन गतिविधि के होने से पहले उसके लिए तैयार रहना और उसके लिए सहमत होने में सक्षम होना। क्षमता किसी व्यक्ति की आयु, मानसिक और शारीरिक क्षमता पर आधारित होती है। जहां एक व्यक्ति नशे में है या नशीली दवाओं या शराब के प्रभाव में है, वह सहमति देने की स्थिति में नहीं हो सकता है।

जब कोई सहमति नहीं दी गई होती है या जब कोई व्यक्ति सहमति देने में असमर्थ होता है तो यौन सम्बन्ध बनाना यौन हमला कहलाता है।

यौन हमला क्या है?

यौन हमला यौन प्रकृति का ऐसा कोई व्यवहार है जिससे कोई व्यक्ति असहज, सशंकित, भयभीत, धमकाया गया या डरा हुआ महसूस करता है।

यह ऐसा व्यवहार है जिसकी किसी ने सहमति नहीं दी है या सहमत नहीं है। यौन हमले का दायरा यौन उत्पीड़न से लेकर जीवन को खतरे में डालने वाले बलात्कार तक विस्तृत है।

यौन हमला शारीरिक या भावनात्मक बल का उपयोग हो सकता है और यह अधिकार का दुरुपयोग है।

यौन हमला कभी भी उसके शिकार या उत्तरजीवी की गलती या ज़िम्मेदारी नहीं होती है। यह कानून के विरुद्ध है।

यौन हमले के उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं, लेकिन इन तक ही सीमित नहीं हैं:

- पीछा करना
- बलात्कार
- यौन उत्पीड़न
- अभद्र हमला
- यौन छेड़छाड़
- जबानी उत्पीड़न/इशारा
- अश्लील चित्र देखने या अश्लील मुद्रा बनाने को मजबूर किया जाना

ध्यान रखें कि किसी को छूना, उन्हें पकड़ना, या अन्य शारीरिक संपर्क, जो अवांछित और अनचाहा है, उत्पीड़न या हमला है।